01. **भिवाडी एकीकृत विकास प्राधिकरण की कार्यकारिणी समिति की पूर्व बैठकों में लिए गये निर्णयों की कार्यवाही विवरण की प्रगति व पुष्टि –**

गत बैठकों में लिए गए निर्णयों पर की गई पालना/प्रगति व उनकी पुष्टि समिति की आगामी बैठक में रखी जावेगी।

निर्णय : कार्यकारिणी समिति की गत् बैठकों की में लिए गए निर्णयों पर की गई पालना/प्रगति व उनकी पुष्टि प्राधिकरण की आगामी बैठक में रखे जाने का निर्णय लिया गया।

02. **भिवाडी एकीकृत विकास प्राधिकरण द्वारा राज्य सरकार के निर्देशानुसार बीडा क्षेत्राधिकार में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (उप जिला अस्पताल), बहरोड में ऑक्सीजन प्लांट स्थापित किये जाने एवं राशि हस्तांतरित किये जाने के क्रम में –**

कोविड–19 के कारण महामारी के वर्तमान परिदृश्य और मेडिकल कॉलेजों/राजकीय अस्पतालों में ऑक्सीजन संयंत्रों के मौजूदा बुनियादी ढांचे में सुधार करते हुए भविष्य में ऑक्सीजन की आवश्यकतानुसार मांग को मेडिकल कॉलेजों/राजकीय अस्पतालों के स्तर पर ही उपलब्ध कराने हेतु राज्य सरकार द्वारा नगरीय विकास, आवास और स्थानीय स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर को राज्य के मेडिकल कॉलेजों/राजकीय अस्पतालों में ऑक्सीजन संयंत्र स्थापित करने के लिए अधिकृत किया गया है।

राज्य सरकार के प्रदत्त निर्देशों की पालना में नगरीय विकास, आवास और स्थानीय स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर द्वारा राज्य के विभिन्न शहरों में स्थित अस्पतालों में ऑक्सीजन गैस संयंत्र स्थापित करने के लिए निर्धारित प्रक्रिया का पालन करने के बाद Firms को कार्यादेश (JDA/EE(ROB/RUB-1)/Covid-19/Oxygen Plant/UID:1145348-349/21-22/D-113 दिनांक 13.05.21) प्रदान किया गया है, जिसमें भिवाडी हेतु 400 LPM (Approx 75 Cylinders 7 CUM Capacity) का गैस संयंत्र स्थापित करने बाबत मैसर्स ऑल टाईम डाटा प्रा0 लि0, गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश को कार्यादेश जारी किया जा चुका है। कार्यादेश अनुसार उक्त संयंत्र को स्थापित किये जाने पर कुल 55,00,000/– रूपये (without GST) बीडा भिवाड़ी द्वारा, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर को प्रदान किये जाने है।

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर के पत्रांक : JDA/EE(ROB/RUB -1)/Covid-19/Oxygen Plant/UID:1145348-349/21-22/D-117 दिनांक 15.05.2021 द्वारा बीडा क्षेत्राधिकार में ऑक्सीजन संयंत्र की स्थापना के लिए प्रस्तावित क्षेत्र की मुख्य योजना के साथ उचित स्थान चिन्हित करने हेतु कहा गया है। भिवाडी क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, तिजारा में M/s Kajaria Ceramics Ltd., Bhiwadi, ESIC भिवाड़ी में M/s Shriram Pistons & Rings Ltd., Bhiwadi एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, भिवाडी में M/s Dalas Biotech Ltd., Bhiwadi द्वारा स्थापित करने की कार्यवाही प्रगतिरत् है। तिजारा व भिवाडी में निजी उद्योगों के स्तर से ऑक्सीजन संयंत्र स्थापित किये जाने के कारण तथा बीडा के एस0एन0बी0 क्षेत्र में स्थित अस्पतालों में ऑक्सीजन संयंत्र स्थापित न होने के मध्यनजर प्राधिकरण द्वारा नामित नोडल अधिकारियों (चिकित्सा एवं प्रशासनिक) द्वारा **सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (उप जिला अस्पताल), बहरोड** को ऑक्सीजन संयंत्र स्थापित करने के लिए उचित मानते हुए स्थल का चिन्हिकरण किया गया है।

कार्यादेश में वर्णितानुसार ऑक्सीजन संयंत्र स्थापित करने हेतु कार्यादेश राशि (55,00,000/–) का 50 प्रतिशत अग्रिम भुगतान सचिव, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर को किया जाना निर्देशित है।

अतः भिवाड़ी एकीकृत विकास प्राधिकरण, भिवाड़ी क्षेत्राधिकार में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (उप जिला अस्पताल), बहरोड में ऑक्सीजन संयंत्र स्थापित करवाये जाने, कार्यादेश राशि 55,00,000/– का भुगतान सचिव, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर को करने, प्रथम चरण में कार्यादेश राशि (55,00,000/–) का 50 प्रतिशत अग्रिम भुगतान सचिव, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर को प्रदान किये जाने एवं शेष राशि जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर की मांग पर भुगतान किये जाने का निर्णय/स्वीकृति हेतु प्रकरण समिति के समक्ष सादर विचारार्थ प्रस्तुत है।

निर्णय : कार्यकारिणी समिति द्वारा प्रकरण पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया एवं भिवाड़ी एकीकृत विकास प्राधिकरण, भिवाड़ी क्षेत्राधिकार में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (उप जिला अस्पताल), बहरोड में ऑक्सीजन संयंत्र स्थापित करवाये जाने, कार्यादेश राशि 55,00,000/– का भुगतान सचिव, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर को करने, प्रथम

चरण में कार्यादेश राशि (55,00,000/—) का 50 प्रतिशत अग्रिम भुगतान सचिव, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर को प्रदान किये जाने एवं शेष राशि जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर की मांग पर भुगतान किये जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

उप सचिव
भि.इं.वि.प्रा. भिवाडी

क्रमांक : 1814-1823
दिनांक : 19/05/2021

प्रतिलिपि :

1. श्रीमान् जिला कलक्टर महोदय, अलवर।
2. श्रीमान् मुख्य कार्यकारी अधिकारी, बीडा भिवाड़ी।
3. मुख्य नगर नियोजक (एनसीआर), जयपुर।
4. उपखण्ड़ अधिकारी, तिजारा।
5. आयुक्त, नगर परिषद, भिवाड़ी।
6. वरिष्ठ नगर नियोजक, बीडा भिवाड़ी।
7. उपमहाप्रबंधक, रीको द्वितीय, भिवाड़ी।
8. अधिशाषी अभियंता, बीडा भिवाड़ी।
9. क्षेत्रीय प्राधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, भिवाड़ी।
10. कार्यालय प्रति।

उप सचिव
भि.इं.वि.प्रा. भिवाडी